केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 19.06.2025

प्रेस विज्ञप्ति

कोर द्वारा सरस्वती घाट, यमुना तट पर योग शिविर का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में चल रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के क्रम में दिनांक 19.06.2025 को महाप्रबन्धक/कोर श्री संजय कुमार श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा/रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन/कोर-श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/कोर-श्री के.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सरस्वती घाट, यमुना तट, प्रयागराज, में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों व जन मानस को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग शिविर में श्री श्रीवास्तव जी ने दैनिक जीवन में उपयोगी योगाभ्यास कराया और कहा की योग हमें दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना)-श्री एस.एस.नेगी, प्रमुख बिजली इंजीनियर (कार्य)-श्री उपेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक/मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी-श्री कल्याण सिंह, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी-श्री सौरभ मिश्रा, सचिव-महाप्रबन्धक-श्री नरेन्द्र चौधरी, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (मु.)-श्री जगदीश कुमार, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर-श्री प्रदीप तिवारी, उप महाप्रबंधक (विधि)-श्री पी. के. सिंह, वरिष्ठ सहायक वित्त सलहकार-श्री अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ विधि अधिकारी/वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी-श्री एस. एन. श्रीवास्तव, सहायक कार्यकारी अभियन्ता-श्री फूल चंद, जनसम्पर्क अधिकारी/सहायक सचिव (म.प्र.)-श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

(कल्याण सिंह )
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज